Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

# मध्यावधि परीक्षा 2024-25

**कक्षाः IV____**

**नामः ________________** **दिनाँक 02.09.24**

**अनुक्रमांक :___________** **कुलांक 60**

**समयः 2:30 घंटे** **भाग क** **विषयः हिंदी**

**प्र० क) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

सच्चा मित्र वही है जो हमारे सुख-दुख में पूरा-पूरा साथ दे। स्वार्थी व्यक्ति तो मित्रता का केवल ढोंग ही करते हैं। वे तब तक ही हमारे साथ उठते बैठते हैं, जब तक कि उनका स्वार्थ होता है। जैसे ही उनका मतलब निकला वे एकदम बदल जाते हैं। हमें सोच समझ कर ही मित्र बनाना चाहिए। मित्र उसी को बनाना चाहिए, जिसके विचार हम से मिलते हों। रहन सहन, स्वभाव, परिवार, आदतें, रुचियों आदि की जानकारी प्राप्त करने के बाद ही मित्र बनाना चाहिए। मित्र का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर अत्यधिक पड़ता है। यदि हम गलती कर रहे हों तो मित्र का कर्तव्य है कि वह हमें गलत काम करने से रोके और सही रास्ता दिखाए।

1. सच्चा मित्र कैसा होता है ?
2. स्वार्थी मित्र कैसे बदल जाते हैं ?
3. मित्रता करते समय कौन-कौन सी आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर लेनी चाहिए ?
4. गद्यांश में से दो सर्वनाम शब्द ढूँढ कर लिखें ।
5. 'दुख' शब्द का वाक्य में प्रयोग करें ।

**प्र० ख) नीचे लिखे वाक्यों को पढ़कर (✓) या (×) का निशान लगाओ -** **(4)**

6. भारत की राष्ट्रभाषा पंजाबी है। ( )
7. भाषा के चार रूप होते हैं । ( )
8. हिंदी की लिपि देवनागरी है। ( )
9. व्याकरण हमें शुद्ध भाषा का ज्ञान कराता है। ( )

**प्र० ग) नीचे लिखे उपसर्गों से दो - दो शब्द बना कर लिखें -** **(6)**

10. वि - 11. सु - 12. अ -

**प्र० घ) नीचे लिखे विशेषण के साथ विशेष्य लगाएँ -** **(2)**

13. हरा - ________ 14. ऊँची - ________

कक्षाः IV

**प्र० ङ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें -** **(4)**

15. जो दूसरे देश का हो -
16. जो परिश्रम करता है -
17. जिसके हृदय में दया हो -
18. जो साग सब्ज़ी खाता हो -

**प्र० च) उचित सर्वनाम शब्द भरें -** **(4)**

19. ________ रवि को बुलाया है।
20. ________ अवनी की गाड़ी है।
21. ________ दरवाज़ा खटखटा रहा है ।
22. _______ जेब खाली है।

**प्र० छ) उचित विशेषण शब्द भरें -** **(3)**

23. मुझे_________ कपड़ा लाकर दो।
24. मेरे घर में _________ कमरे हैं ।
25. आकाश में ________ बादल हैं।

**प्र० ज) नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(1.5×2=3)**

26. आँखों में चमक आना -
27. आँख लगना -

## भाग ख पाठ्य पुस्तक

**प्र० झ) बहुविकल्पीय प्रश्न -** **(2)**

28. डा० बसु ने किस पर अपने प्रयोग किए थे ?
    क) फूल      ख) घास      ग) पौधे
29. मिताली ने किसके जन्मदिन पर जाना था ?
    क) सुनीता      ख) मेघा      ग) सरिता
30. झरना किस को अपनी कहानी सुना रहा है ?
    क) बच्चों      ख) बूढ़ों      ग) जवानों
31. रोबोट का शरीर किस से बना होता है?
    क) सोने      ख) लोहे      ग) इस्पात

**प्र० ञ) नीचे लिखे उद्धरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**"पापा , अगर यह यंत्र है तो यह हमारी बात सुनता समझता कैसे है ? यह देखता , बोलता कैसे हैं ?"**

32. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?
33. यहाँ किस यंत्र की बात की जा रही है ?
34. कौन पापा से प्रश्न कर रहा है ?

**कक्षा : IV**

**प्र० ट) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें -** **(4)**

35. शिला - 36. शक्ति - 37. रक्त - 38. संध्या -

**प्र० ठ) सही वर्तनी (spellings) चुनें -** **(2)**

39. वखायान वयाख्यान व्याख्यान

40. स्वीकार सवीकार सविकार

41. बाधायें बाधाएँ बाधाऐं

42. वीद्‌युत विद्‌युत विध्युत

**प्र० ड) विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

43. सम्मानित - 44. विश्वास -

**प्र० ढ) दो- दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(1)**

45. पानी -

**प्र० ण) वचन बदलो -** **(2)**

46. शिला - 47. कहानी -

**प्र० त) अति लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1×3=3)**

48. लड़के का नाम क्या था ?

49. झरने का जन्म कहाँ हुआ ?

50. शौर्य के पापा कहाँ काम करते थे ?

**प्र० थ) लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1.5×2=3)**

51. डॉ० जगदीश चंद्र बसु ने विदेशों की यात्रा क्यों की ?

52. झरने को रास्ते में किन बाधाओं से जूझना पड़ता है ?

**प्र० द) मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

53. रोबोट देखता, सुनता और बोलता कैसे है?

**प्र० ध) रचनात्मक कार्य - पत्र लेखन** **(5)**

54. मान लीजिए आपका नाम सरिता है । आपको डेंगू बुखार हो गया है । चार दिन का अवकाश लेने के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

# मध्यावधि परीक्षा 2024-25

**कक्षाः IV____**

**नामः ________________** **उत्तर कुँजी** **दिनाँक 02.09.24**

**अनुक्रमांक :___________** **कुलांक 60**

**समयः 2:30 घंटे** **भाग क** **विषयः हिंदी**

**प्र० क) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

सच्चा मित्र वही है जो हमारे सुख-दुख में पूरा-पूरा साथ दे। स्वार्थी व्यक्ति तो मित्रता का केवल ढोंग ही करते हैं। वे तब तक ही हमारे साथ उठते बैठते हैं, जब तक कि उनका स्वार्थ होता है। जैसे ही उनका मतलब निकला वे एकदम बदल जाते हैं। हमें सोच समझ कर ही मित्र बनाना चाहिए। मित्र उसी को बनाना चाहिए, जिसके विचार हम से मिलते हों। रहन सहन, स्वभाव, परिवार, आदतें, रुचियों आदि की जानकारी प्राप्त करने के बाद ही मित्र बनाना चाहिए। मित्र का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर अत्यधिक पड़ता है। यदि हम गलती कर रहे हों तो मित्र का कर्तव्य है कि वह हमें गलत काम करने से रोके और सही रास्ता दिखाए।

1. सच्चा मित्र कैसा होता है ?

**उ० सच्चा मित्र वही है जो हमारे सुख-दुख में पूरा-पूरा साथ दे।**

2. स्वार्थी मित्र कैसे बदल जाते हैं ?

**उ० स्वार्थी मित्र मतलब निकल जाने पर बदल जाते हैं।**

3. मित्रता करते समय कौन-कौन सी आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर लेनी चाहिए ?

**उ० मित्रता करते समय रहन सहन, स्वभाव, परिवार, आदतें, रुचियों आदि की आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर लेनी चाहिए ।**

4. गद्यांश में से दो सर्वनाम शब्द ढूँढ कर लिखें ।

उ० **दो सर्वनाम –हम , वह , उसी , वे , उनका , हमारे आदि।**

5. 'दुख' शब्द का वाक्य में प्रयोग करें ।

उ० **दुख में कभी हिम्मत न हारो।**

**प्र० ख) नीचे लिखे वाक्यों को पढ़कर (✓) या (×) का निशान लगाओ -** **(4)**

6. भारत की राष्ट्रभाषा पंजाबी है। ( × )
7. भाषा के चार रूप होते हैं । ( × )
8. हिंदी की लिपि देवनागरी है। ( ✓ )
9. व्याकरण हमें शुद्ध भाषा का ज्ञान कराता है। ( ✓ )

**प्र० ग) नीचे लिखे उपसर्गों से दो - दो शब्द बना कर लिखें -** **(6)**

10. वि - **<u>विशुद्ध , वियोग</u>** 11. सु - **<u>सुयोग्य , सुगंध</u>** 12. अ - **<u>अज्ञान , अबोध</u>**

**प्र० घ) नीचे लिखे विशेषण के साथ विशेष्य लगाएँ -** **(2)**

13. हरा - **<u>पेड़ , कपड़ा</u>** 14. ऊँची - **<u>पहाड़ी , चोटी</u>**

**प्र० ङ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें -** **(4)**

15. जो दूसरे देश का हो - **<u>विदेशी</u>**
16. जो परिश्रम करता है - **<u>परिश्रमी</u>**
17. जिसके हृदय में दया हो - **<u>दयालु</u>**
18. जो साग सब्ज़ी खाता हो - **<u>शाकाहारी</u>**

**प्र० च) उचित सर्वनाम शब्द भरें -** **(4)**

19. **<u>उसने</u>** / **<u>मैंने / इसने</u>** रवि को बुलाया है।
20. **<u>वह / यह</u>** अवनी की गाड़ी है।
21. **<u>कोई / वह</u>** दरवाजा खटखटा रहा है ।
22. **<u>उसकी / मेरी</u>** जेब खाली है।

**प्र० छ) उचित विशेषण शब्द भरें -** **(3)**

23. मुझे **<u>थोड़ा / साफ / दो मीटर</u>** कपड़ा लाकर दो।
24. मेरे घर में **<u>चार</u>** / **<u>बड़े</u>** कमरे हैं ।
25. आकाश में **<u>घने / कुछ / काले</u>** बादल हैं।

**प्र० ज) नीचे लिखे मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ -** **(1.5×2=3)**

26. आँखों में चमक आना - **<u>बहुत खुश होना</u>**

**वाक्य - <u>अपनी नई कर देखकर मेरी आंखों में चमक आ गई ।</u>**

27. आँख लगना - **<u>नींद आना</u>**

**वाक्य - <u>कल रात पढ़ते-पढ़ते ही मेरी आँख लग गई</u> ।**

## भाग ख पाठ्य पुस्तक

**प्र० झ) बहुविकल्पीय प्रश्न -** **(2)**

28. डा० बसु ने किस पर अपने प्रयोग किए थे?
   क) फूल ख) घास **<u>ग) पौधे</u>**
29. मिताली ने किस के जन्मदिन पर जाना था ?
   क) सुनीता ख) **मेघा** ग) सरिता
30. झरना किस को अपनी कहानी सुना रहा है ?
   क) **बच्चों** ख) बूढ़ों ग) जवानों
31. रोबोट का शरीर किस से बना होता है?
   क) सोने ख) लोहे ग) **इस्पात**

**कक्षा : IV**

**प्र० ञ) नीचे लिखे उद्धरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**"पापा , अगर यह यंत्र है तो यह हमारी बात सुनता समझता कैसे है ? यह देखता , बोलता कैसे हैं ?"**

32. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?

**उ॰ यह उद्धरण 'रोबोट मेरा दोस्त' पाठ से लिया गया है ।**

33. यहाँ किस यंत्र की बात की जा रही है ?

**उ॰ यहाँ रोबोट की बात की जा रही है ।**

34. कौन पापा से प्रश्न कर रहा है ?

**उ॰ शौर्य पापा से प्रश्न कर रहा है।**

**प्र० ट) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें -** **(4)**

35. शिला - **चट्टान** 36. शक्ति - **ताकत** 37. रक्त - **खून** 38. संध्या - **शाम**

**प्र० ठ) सही वर्तनी (spellings) चुनें -** **(2)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 39. | वखायान | वयाख्यान | **व्याख्यान** |
| 40. | **स्वीकार** | सवीकार | सविकार |
| 41. | बाधायें | **बाधाएँ** | बाधाऐं |
| 42. | वीद्युत | **विद्युत** | विध्युत |

**प्र० ड) विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

43. सम्मानित - **अपमानित** 44. विश्वास - **अविश्वास**

**प्र० ढ) दो- दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(1)**

45. पानी - **नीर , जल , वारि**

**प्र० ण) वचन बदलो -** **(2)**

46. शिला - **शिलाएँ** 47. कहानी - **कहानियाँ**

**प्र० त) अति लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1×3=3)**

48. लड़के का नाम क्या था ?

**उ॰ लड़के का नाम डॉक्टर जगदीश चंद्र बसु था ।**

49. झरने का जन्म कहाँ हुआ ?

**उ॰ झरने का जन्म पर्वत की चोटी पर हुआ ।**

50. शौर्य के पापा कहाँ काम करते थे ?

**उ॰ शौर्य के पापा कंपनी में काम करते थे ।**

**प्र० थ) लघु प्रश्नों के उत्तर दें-** **(1.5×2=3)**

51. डॉ॰ जगदीश चंद्र बसु ने विदेशों की यात्रा क्यों की ?

**उ॰ डॉक्टर जगदीश चंद्र बसु विदेशों में अपनी खोजों के प्रदर्शन और व्याख्यान करने के लिए यात्रा करते थे ।**

कक्षा : IV

52. झरने को रास्ते में किन बाधाओं से जूझना पड़ता है ?

**उ० <u>झरने के रास्ते में बड़ी-बड़ी चट्टानें और पत्थर जैसी बाधाएँ आती हैं जिन्हें ठोकर मार कर झरना आगे बढ़ता जाता है ।</u>**

**प्र० द) मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

53. रोबोट देखता, सुनता और बोलता कैसे है?

**उ० <u>रोबोट के अंदर कैमरा ,स्पीकर और माइक्रोफोन लगा होता है जिसके द्वारा वह सब कुछ देखा , सुनता और बोलता है ।</u>**

**प्र० ध) रचनात्मक कार्य - पत्र लेखन** **(5)**

54. मान लीजिए आपका नाम सरिता है । आपको डेंगू बुखार हो गया है । चार दिन का अवकाश लेने के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**उ० ( विद्यार्थी स्वयं करेंगे )**